लखनऊ नगर निगम

स्थगित मा0 सदन की विशेष बैठक (कार्यकारिणी समिति के 6 (छः) रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु) दिनांक 22.01.2019 को नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोक नाथ हाल में सम्पन्न हुई, की कार्यवाही।

उपस्थिति : (यथा संलग्न)

अध्यक्ष ने अपना आसन ग्रहण किया और कहा कि बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है। कार्यकारिणी समिति के छः रिक्त पदों हेतु नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए।

नामांकन का समय समाप्त होने पर अध्यक्ष ने घोषणा कि जो नाम प्रस्तावित हुए हैं और नामांकन सही पाये गये हैं, वे इस प्रकार हैं :—

1— श्रीमती कुमकुम राजपूत
2— श्री कौशलेन्द्र द्विवेदी
3— श्री मो0 सलीम
4— श्री नागेन्द्र सिंह चौहान
5— श्री सुधीर कुमार मिश्रा
6— श्री शैलेन्द्र सिंह

अध्यक्ष ने कहा छः नाम प्रस्तावित हुए हैं और रिक्त पद भी छः ही हैं, अतः मैं घोषित करता हूँ कि :—

1— श्रीमती कुमकुम राजपूत
2— श्री कौशलेन्द्र द्विवेदी
3— श्री मो0 सलीम
4— श्री नागेन्द्र सिंह चौहान
5— श्री सुधीर कुमार मिश्रा
6— श्री शैलेन्द्र सिंह

लखनऊ नगर निगम कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के 6(छः) पदों पर विधिवत् निर्वाचित हो गये हैं।

अध्यक्ष ने घोषणा की कि बैठक अनिनिश्चत काल तक के लिए स्थगित की जाती है।

(संयुक्ता भाटिया)
अध्यक्ष/महापौर
नगर निगम, लखनऊ

Scanned by CamScanner

लखनऊ नगर निगम

मा0 सदन की विशेष बैठक दिनांक 21.01.2019 को नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोक नाथ हाल में सम्पन्न हुई, की कार्यवाही।

उपस्थिति : (यथा संलग्न)

मा0 अध्यक्ष ने अपना आसन ग्रहण किया। तत्पश्चात् कहा कि वर्तमान पार्षद श्रद्धेय ऊषा शर्मा जी हमारे नगर निगम परिवार की सदस्य थीं, वह आज हमारे बीच में नहीं हैं। उनका देहान्त हो गया है। मा0 कार्यकारिणी समिति के छः रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आज निर्वाचन होना था। इतना महत्वपूर्ण सदन होने के बावजूद भी उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरान्त सदन स्थगित किया जाएगा। शोक प्रस्ताव पढ़ने के बाद दो मिनट का मौन धारण किया जाएगा और उसके बाद सभी लोग पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

अध्यक्ष ने स्व0 ऊषा शर्मा जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला फिर निम्नवत् शोक प्रस्ताव पढ़ा :—

<u>शोक—प्रस्ताव</u>

नगर निगम लखनऊ के ऐशबाग वार्ड से निर्वाचित पार्षद श्रीमती ऊषा शर्मा का दिनांक 18.01.2019 को आकस्मिक निधन हो गया। श्रीमती ऊषा शर्मा भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचित मा0 पार्षद थी। इनका अपने क्षेत्र व समाज में अत्यन्त सराहनीय योगदान रहा।

नगर निगम लखनऊ की यह शोक सभा श्रीमती ऊषा शर्मा, मा0 पार्षद के असामयिक निधन पर शोक प्रकट करती है तथा ईश्वर से प्रार्थना करती है कि उनकी दिवंगत आत्मा को चिरशान्ति एवं उनके शोक संतप्त परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

सभी उपस्थितिगण द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

अध्यक्ष ने घोषणा की कि बैठक कल दिनांक 22.01.2019 को अपराह्न 12.30 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(संयुक्ता भाटिया)
अध्यक्ष/महापौर,
नगर निगम, लखनऊ

Scanned by CamScanner